## Section-1

# योजना अनुश्रवण एवं मूल्य प्रबन्धन प्रभाग

1. **संगठन**

नियोजन विभाग के अन्तर्गत योजना अनुश्रवण एवं मूल्य प्रबन्धन प्रभाग का सृजन मई, 1973 में इस उद्देश्य से किया गया था कि यह प्रभाग प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा चलाई गयी चयनित परियोजनाओं की प्रगति पर दृष्टि रखेगा तथा उनके क्रियान्वयन में आने वाले अवरोधों, समस्या ग्रस्त क्षेत्रों तथा कमी के सम्बन्ध में शासन को नियमित रूप से अवगत करायेगा। साथ ही प्रभाग से यह भी अपेक्षा की गयी है कि वह परियोजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा, उनके निर्धारित लक्ष्यानुसार पूर्ण न हो पाने के कारण, भविष्य में सम्भावित अवरोधों की जानकारी तथा लागत एवं समयवृद्धि पर अंकुश आदि के सम्बन्ध में सुझावात्मक टिप्पणी सहित वस्तुस्थिति से शासन एवं उच्च प्रबन्धन को अनुश्रवण टिप्पणी के माध्यम से नियमित रूप से अवगत करायेगा।

2. **संगठनात्मक ढांचा**

निदेशक

↓

संयुक्त निदेशक

↓

वरिष्ठ शोध अधिकारी (प्राविधिक)/वरिष्ठ शोध अधिकारी(अभियंत्रण)

↓

शोध अधिकारी (प्राविधिक एवं अभियंत्रण)

↓

अपर सांख्यिकीय अधिकारी

↓

शोध सहायक

↓

तृतीय श्रेणी

↓

चतुर्थ श्रेणी

3. **(क) प्रभाग के प्रमुख कार्य, उपलब्धियां एवं प्रस्तावित कार्य योजना का संक्षिप्त विवरण:-**

**1. PRAGATI (Pro- Active Governance And Timely Implementation) (url- pragati.nic.in)**

मा० प्रधानमंत्री जी कार्यालय, भारत सरकार द्वारा Grievance Redressal (लोक शिकायतों का निस्तारण), Programme Implementation (कार्यक्रम कार्यान्वयन) तथा Project Monitoring (परियोजनाओं का अनुश्रवण) हेतु आई०टी० आधारित निराकरण एवं अनुश्रवण प्रणाली. PRAGATI (Pro-Active Governance And Timely Implementation) विकसित की गयी है। मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रत्येक माह के चतुर्थ बुद्धवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मा० प्रधानमंत्री जी कार्यालय, भारत सरकार द्वारा प्रेषित एजेण्डा के अनुसार भारत सरकार के सचिवों तथा प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की जाती है। PRAGATI की बैठक में भारत सरकार के स्तर पर उठाये गये अवस्थापना सम्बन्धी परियोजनाओं/कार्यक्रमों के लम्बित प्रकरणों/bottlenecks यथा- भूमि अधिग्रहण, पेड़ कटान, Utility shifting. Forest Clearance आदि का समाधान किये जाने के साथ ही अवस्थापना सम्बन्धी परियोजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाती है।

**2. PMREF (PM References) Portal (url- pmref.nic.in)**

मा0 प्रधानमंत्री जी कार्यालय के pmref.nic.in पोर्टल के माध्यम से जनता से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण, मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा Announce की गयी परियोजनाओं तथा Laying of Foundation Stones के अंतर्गत जिन परियोजनाओ का Foundation Stones मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा स्थापित किया जाता है, उनका नियमित अनुश्रवण pmref.nic.in पोर्टल के माध्यम सेकिया जा रहा है। pmref.nic.in पोर्टल पर मा० प्रधानमंत्री कार्यालय को प्राप्त जन शिकायतों से सम्बन्धित शिकायतों का विभाग से समन्वय करते हुये गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराकर निस्तारण आख्या pmref.nic.in पोर्टल पर प्रभाग द्वारा अपलोड करायी जाती है।

**3. C-PMG (Central-Project Monitoring Group) (url- pmg.dpiit.gov.in)**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अन्तर्गत उद्योग संवर्धन एवं आन्तरिक व्यापार विभाग, DPIIT, भारत सरकार में प्रदेश के निर्माणाधीन वृहद् अवस्थापना सम्बन्धी परियोजनाओं के अनुश्रवण हेतु Central Project Monitoring Group (C- PMG ) गठित किया गया है, जिसके माध्यम से भारत सरकार की राज्यों में लम्बित अवस्थापना सम्बन्धी निर्माणाधीन केन्द्रीय परियोजनाओं की प्रगति का अनुश्रवण PMG वेबपोर्टल के माध्यम से मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में समय-समय पर (त्रैमासिक) समीक्षा बैठके आयोजित की जाती है।

**4. E-Samiksha (url- esamiksha.gov.in)**

E-samiksha Web Portal पर विभिन्न वर्गों यथा- केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा राज्य सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय मंत्रालयों को भेजे गये प्रकरण, Committee of Secretaries (CoS), भारत सरकार द्वारा सन्दर्भित किये गये राज्य सरकार से सम्बन्धित प्रकरण, Center State Co-ordination (CSC) तथा मा0 प्रधानमंत्री जी की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अवस्थापना सम्बन्धी चिन्हित योजनाओं के सम्बन्ध में PRAGATI की बैठक में दिये गये निर्देश के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही की अद्यावधिक प्रगति/स्टेटस रिपोर्ट (ATR) को e-Samiksha portal पर प्रत्येक माह की 05 तारीख तक अपलोड कराया जाना ।

**5. CMIS Web Portal-(Chief Minister Information System)** **(url- cmis.up.gov.in)**

मा० मुख्यमंत्री जी के कार्यालय द्वारा विकसित Chief Minister Information System Web Portal पर विभिन्न विभागों द्वारा रु० 1.00 करोड़ से अधिक लागत की समस्त निर्माणाधीन परियोजनाओं का विवरण एवं माइलस्टोन्स दर्ज किया जाता है। वेबसाइट पर दर्ज परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के आधार पर कार्यदायी संस्थाओं द्वारा नियमित रूप से माइलस्टोन्स अपडेट किये जाने का प्राविधान है। इस कार्य हेतु प्रशासनिक विभाग एवं कार्यदायी संस्थाओं के स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं। परियोजनाओं का सतत् अनुश्रवण वेबसाइट के माध्यम से कार्यदायी संस्था, प्रशासनिक विभाग, मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी एवं उच्च स्तर पर नियमित रूप से किया जा रहा है। इन परियोजनाओ में से कास्ट ओवररन एवं टाइम ओवररन से प्रभावित/परियोजनाओ की नियमित समीक्षा किया जाना।

**6. National Infrastructure Pipeline Project (NIP)** **(url- indiainvestmentgrid.gov.in)**

नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन डैश बोर्ड पर रू० 100 करोड़ से अधिक लागत की इन्फ्रास्ट्रक्चर की ब्राउन फील्ड एवं ग्रीन फील्ड की वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक निवेश से सम्बन्धित परियोजनाओं को सम्मिलित किया गया है। इसके अतिरिक्त समस्त परियोजनाओं की निविदा आमंत्रण की सूचना, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, परियोजना की टाइम लाइन एवं परियोजना की त्रैमासिक लक्षित वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के सापेक्ष अद्यतन प्रगति की सूचना पोर्टल पर रियल टाइम बेसिस पर अपडेट की जाती है। इस पोर्टल पर दर्ज परियोजनाओ की नियमित समीक्षा किया जाना।

**7. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS Member of Parliament Local Area Development Scheme)** **(url- mplads.gov.in)**

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना वर्ष 1993-94 में प्रारम्भ की गयी थी। योजना का उद्देश्य मा0 संसद सदस्यों को अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर स्थायी सामुदायिक परिसम्पतियों के सृजन पर जोर देते हुए विकासात्मक प्रकृति के कार्यो की अनुशंसा करने हेतु सक्षम बनाना है। यह योजना पूर्ण रूप से भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है। प्रत्येक संसद सदस्य को वर्तमान में रू0 5.00 करोड़ प्रति वर्ष सांसद निधि के रूप में प्रदान किया जाता है। राज्य स्तर पर नोडल विभाग नियोजन विभाग है, जिनके मुख्य कार्य निम्नवत् है:-

- सांसद निधि के वित्तीय अनियमितताओं सम्बन्धी शिकायते/सांसद निधि के दुरूपयोग सम्बन्धी शिकायते/ पार्लियामेन्ट्री रिफरेन्सेस सम्बन्धी कार्य।
- आडिट पैरा सम्बन्धी कार्य।
- मुख्यमंत्री सन्दर्भ सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण सम्बन्धी कार्य।
- सूचना का अधिकार अधिनियम सम्बन्धी कार्यो का निस्तारण सम्बन्धी समस्त कार्य।
- एमपीलैड्स योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुपालन हेतु नोडल जनपदों को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का कार्य।
- एमपीलैड्स योजनान्तर्गत प्रदेश के नोडल जनपदों की समस्याओं के समाधान सम्बन्धी कार्य।

- 14वीं लोकसभा तथा राज्यसभा के निवर्तमान मा0 सदस्यों की अव्ययित धनराशि को राज्य नोडल विभाग (नियोजन विभाग) के स्तर पर वितरण सम्बन्धी कार्य।
- सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना हेतु राज्य नोडल के रूप में कार्य सम्पादित कराते हुये नोडल के रूप में भारत सरकार के कार्यान्वयन मंत्रालय एवं जिला अभिकरण के अधिकारियों के मध्य समन्वय का कार्य सम्पादित कराया जाना।

**योजना मानीटरिंग प्रभाग के तकनीकी अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन से सम्बन्धित सूचना**

| अधिकारी का नाम/पदनाम | आवंटित कार्य |
|---|---|
| **श्री कुलदीप सिंह,<br>संयुक्त निदेशक** | • मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रायोजनाओं में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु PRAGATI (Pro Active Governance and Timely Implementation) से संबंधित समस्त कार्य।<br>• National Infrastructure Pipeline(NIP) से सम्बन्धित कार्य।<br>• CPMG से सम्बन्धित कार्य।<br>• PRAGATI पोर्टल पर ATR से सम्बन्धित कार्य।<br>• PMref पोर्टल से सम्बन्धित कार्य।<br>• Laying of foundation stones से सम्बन्धित कार्य।<br>• UPKKV पोर्टल से सम्बन्धित कार्य।<br>• सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना से सम्बन्धित कार्य। |
| **अधीनस्थ अधिकारी** | |
| **सुश्री भावना जोशी,<br>वरिष्ठ शोध अधिकारी** | • मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रायोजनाओं में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु PRAGATI (Pro Active Governance and Timely Implementation) से संबंधित समस्त कार्य।<br>• PRAGATI पोर्टल पर ATR से संबंधित कार्य।<br>• PMref पोर्टल से सम्बन्धित कार्य।<br>• राज्यपाल अभिभाषण, बजट से सम्बन्धित महत्वपूर्ण समस्त कार्य।<br>• Laying of foundation stones से संबंधित कार्य। |
| **ई0 राजेश कुमार,<br>वरिष्ठ शोध अधिकारी** | • राज्य सभा के निवर्तमान माननीय सदस्यों की अव्ययित धनराशि के वितरण से सम्बन्धित समस्त कार्य।<br>• एमपीलैड्स योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुपालन हेतु नोडल जनपदों से पत्र व्यवहार।<br>• एमपीलैड्स योजनान्तर्गत प्रदेश के नोडल जनपदों की समस्याओं के समाधान सम्बन्धी कार्य। |
| **श्री राम बिलास,<br>शोध अधिकारी** | • सांसद निधि के वित्तीय अनियमितताओं सम्बन्धी शिकायते/सांसद निधि के दुरुपयोग से सम्बन्धी शिकायतें/पार्लियामेंटरी रिफरेन्सेज सम्बन्धी कार्य।<br>• आडिट पैरा सम्बन्धी समस्त कार्य ।<br>• मुख्यमंत्री संदर्भ सम्बन्धित कार्यों का निस्तारण सम्बन्धी कार्य।<br>• सूचना का अधिकार अधिनियम सम्बन्धी कार्यों के निस्तारण सम्बन्धी समस्त कार्य।<br>• कार्यक्रम कार्यान्वयन से सम्बन्धित कार्य।<br>• जेम पोर्टल से सम्बन्धित समस्त कार्य। |

| | |
|---|---|
| **ई0 दीपक कुमार,<br>शोध अधिकारी** | • National Infrastructure Pipeline(NIP) से संबंधित कार्य।<br>• CPMG से संबंधित कार्य। |
| **सुश्री रूबी चंचल,<br>शोध अधिकारी** | • PRAGATI पोर्टल पर ATR से संबंधित कार्य।<br>• Laying of foundation stones से सम्बन्धित कार्य। |
| **श्रीमती गीतिका चौधरी,<br>शोध अधिकारी** | • CPMG से सम्बन्धित कार्य।<br>• National Infrastructure Pipeline(NIP) से सम्बन्धित कार्य। |
| **श्री संजीव कुमार चौधरी,<br>शोध अधिकारी** | • CPMG से सम्बन्धित कार्य।<br>• National Infrastructure Pipeline(NIP) से सम्बन्धित कार्य। |
| **ई0 तन्मय भट्ट,<br>शोध सहायक** | • National Infrastructure Pipeline(NIP) से सम्बन्धित कार्य।<br>• PMref पोर्टल से सम्बन्धित कार्य।<br>• Laying of foundation stones से सम्बन्धित कार्य। |
| **श्री प्रभाकर सिंह,<br>सहायक सांख्यिकीय<br>अधिकारी** | • प्रभागीय प्रशासनिक कार्य एवं जनसूचना सम्बन्धी कार्यों का सम्पादन।<br>• प्रभाग तथा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) से सम्बन्धित क्रय, लेखन सामग्री एवं स्टोर आदि से सम्बन्धित कार्य।<br>• सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स) से सम्बन्धित प्रशासनिक व्यय का रखरखाव का कार्य।<br>• कार्यक्रम कार्यान्वयन से सम्बन्धित कार्य।<br>• जेम पोर्टल से सम्बन्धित कार्य। |
| **डा0 शिव कुमार,<br>संयुक्त निदेशक** | • रु० 25 करोड़, रु०50 करोड़, रु०100 करोड़ एवं रु० 500 करोड़ की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा बैठक से संबन्धित कार्य।<br>• ऐसी परियोजनायें जिनमें 10 प्रतिशत से अधिक लागत वृद्धि (Cost over run) अथवा छः माह से अधिक कार्यावधि वृद्धि (Time over run) हो गयी है तथा जिनमें 25 प्रतिशत से अधिक लागत वृद्धि (Cost over run) अथवा एक वर्ष से अधिक कार्यावधि (Time over run) हो गयी है तो ऐसी परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रत्येक त्रैमास में बैठक कराये जाने सम्बन्धी कार्य।<br>• ई-समीक्षा पोर्टल पर Pragati के अंतर्गत Action taken on presentation to PM Pragati – Project monitoring (Central), Project monitoring (State) Programme Implementation, Grievance Redressal के Draught and Water Scarcity Situation से सम्बन्धित समस्त कार्य।<br>• प्रभागीय तथा अन्य बैठकों से सम्बन्धित सूचनाओं का संकलन, समन्वय तथा कार्य विवरण से सम्बन्धित समस्त कार्यों का सम्पादन।<br>• ई-समीक्षा पोर्टल पर कमेटी ऑन सेक्रेटरी तथा सेन्टर स्टेट कोओर्डीनेशन से सम्बन्धित समस्त कार्य। |
| **श्रीमती सरिता सिंह,<br>वरिष्ठ शोध अधिकारी** | • ई-समीक्षा पोर्टल पर Pragati के अंतर्गत Action taken on presentation to PM Pragati – Project monitoring (Central), Project monitoring (State) Programme Implementation, Grievance Redressal के Draught and Water Scarcity Situation से सम्बन्धित समस्त कार्य। |

| | |
|---|---|
| | • प्रभागीय तथा अन्य बैठकों से सम्बन्धित सूचनाओं का संकलन, समन्वय तथा कार्य विवरण से सम्बन्धित समस्त कार्यों का सम्पादन।<br>• ई-समीक्षा पोर्टल पर कमेटी ऑन सेक्रेटरी तथा सेन्टर स्टेट कोओर्डीनेशन से सम्बन्धित समस्त कार्य। |
| **श्रीमती मीनू कनौजिया वरिष्ठ शोध अधिकारी** | • CMIS Portal सम्बन्धी कार्य।<br>• UPKKV पोर्टल से सम्बन्धित कार्य।<br>• रू0 1 करोड़ से अधिक तथा रू0 25 करोड़ तक की परियोजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा बैठक से सम्बन्धित कार्य।<br>• समय समय पर सामान्य प्रशासन द्वारा मांगी गयी सूचनाओं को तैयार कर प्रेषित करना। |
| **श्री संजय नैथानी, वरिष्ठ शोध अधिकारी** | • ऐसी परियोजनायें जिनमें 10 प्रतिशत से अधिक लागत वृद्धि (Cost over run) अथवा छः माह से अधिक कार्यावधि वृद्धि (Time over run) हो गयी है तथा जिनमें 25 प्रतिशत से अधिक लागत वृद्धि (Cost over run) अथवा एक वर्ष से अधिक कार्यावधि (Time over run) हो गयी है तो ऐसी परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रत्येक त्रैमास में बैठक कराये जाने सम्बन्धी कार्य।<br>• रु० 25 करोड़, रु० 50 करोड़, रु० 100 करोड़ एवं रु० 500 करोड़ की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा बैठक से संबन्धित समस्त कार्य। |
| **श्रीमती योजना, शोध अधिकारी** | • CMIS Portal सम्बन्धी कार्य।<br>• UPKKV पोर्टल से सम्बन्धित कार्य।<br>• रू0 1 करोड़ से अधिक तथा रू0 25 करोड़ तक की परियोजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा बैठक से सम्बन्धित कार्य। |
| **श्री नइयर आलम, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी** | • ई-समीक्षा पोर्टल पर Pragati के अन्तर्गत Action taken on presentation to PM Pragati – Project monitoring (Central), Project monitoring (State) Programme Implementation, Grievance Redressal के Draught and Water Scarcity Situation से सम्बन्धित समस्त कार्य।<br>• प्रभागीय तथा अन्य बैठकों से सम्बन्धित सूचनाओं का संकलन, समन्वय तथा कार्य विवरण से सम्बन्धित समस्त कार्यों का सम्पादन।<br>• ई-समीक्षा पोर्टल पर कमेटी ऑन सेक्रेटरी तथा सेन्टर स्टेट कोओर्डीनेशन से सम्बन्धित समस्त कार्य। |

******************************************